हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 17 मई 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री

भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा भगवान जगन्नाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह





## 10वीं व 12वीं पास विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

इच्छुक छात्र आवेदन करें

फायर सेफ्टी के कोर्स
1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)

6 माह सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### नपाध्यक्ष के नेतृत्व में होगा शहर का विकास



**जशपुरनगर।** नगरपालिका के अध्यक्ष अरविंद भगत ने भागलपुर चौक से भागलपुर रोड में पेवर ब्लॉक लगाने के लिए नगरपालिका के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव निकाय के पार्षदों के साथ 37 लाख सेमर तालाब का सौंदर्यीकरण,12.50 लाख मुक्तिधाम का निर्माण, वार्ड क्रमांक 16 में 30 लाख रु.से भागलपुर चौक से पैंलेस होते हनुमान मंदिर तक पेवर ब्लॉक,एवं 16 लाख रुपए से निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर अरविंद भगत अध्यक्ष नगरपालिका , यशप्रताप सिंह जूदेव उपाध्यक्ष के साथ साथ सभी पार्षद विक्रांत सिह, देवधन नायक, शैलेन्द्री यादव, सुधीर पाठक, कंचन बैरागी अनुज भगत, द्वारिका मिश्रा, विजेता भगत, शबनम ख़ातून विनोद निकुंज, रामशंकर गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय कैलाश खरोले, शुभेंद्धु श्रीवास्तव, शंभु नाथ दुबे, दिनेश सिंह, भोला यादव, संजय जैन, एतवा राम, संतोष ठाकुर, सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

### एसआईएस में की जा रही अधिकारी सेवा की भर्ती

**जशपुरनगर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं ग्लोबल इंडिया स्किल डेवलपमेंट की तरफ से एसआईएस के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के ग्रेजुएट बेरोजगार युवकों को सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर चयन प्रक्रिया 15 मई को एसआईएस प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज, डोडकाचौरा ऑफिस में कराई गई। 30 मई 2025 को 350 सुरक्षा अधिकारी कैडर के पद पर आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे है। एसआईएस के कमांडेंट कुमार शिवेन्द्र ने बताया कि सुरक्षा अधिकारी कैडर में भर्ती होने के लिए उम्मीदवार का ग्रेजुएट पास एवं 167.5 सेंमी. हाईट और 21 वर्ष से 40 वर्ष उम्र होना अनिवार्य है। इनकी तैनाती जहां पर होगी राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम अंतर्गत अन्य भत्ता योगिता अनुसार पेंशन विधवा पेंशन, ग्रेच्यूटी, ई. एसआई ग्रुप इंश्योरेंस मेडिकल आवास एवं दो बच्चों को आई पीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था, इम्प्लॉय स्टॉक ऑप्शन स्कीम के तहत शेयर का वितरण तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है।

## बुलडोजर चलाकर हटवाया अतिक्रमण

# अतिक्रमणकारियों पर भारी पड़े सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

नगर के हृदय स्थल और सबसे व्यस्तम जगह कारगिल चौक पर लंबे अर्से से नगर पंचायत द्वारा बनाये गये नालियों के ऊपर अतिक्रमण कर व्यवसाय कर रहे लोगों पर शुक्रवार को बुलडोजर चला कर नेस्तनाबूत कर दिया गया है। नगर पंचायत गठन के बाद आज तक दो दर्जन से अधिक मुख्य नगरपालिका अधिकारियों का आना जाना हुआ लेकिन किसी ने अतिक्रमणकारियों को हटाने में सफलता नहीं पाई थी।

फिलहाल अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्यवाही को लोग खानापूर्ति होने की बात कह रहे हैं.तो कुछ लोग इसे कार्यवाही शुरू होने की पहल की बात कह रहे है। नगर के कारगिल चौक में लगभग दर्जन भर अतिक्रमणकारियों ने सड़क पर ही धंधा चालू कर दिया था जिससे आये दिन रोड़ जाम की स्थिति निर्मित होती थी.जिसको लेकर हमेशा विवाद की स्थिति बनी रहती थी.इसके साथ ही आवागमन करने वाले लोगों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता था।



अतिक्रमण हटाता बुलडोजर।



अतिक्रमण हटाने के दौरान उपस्थित अधिकारी व पुलिस।

### पहले सीएमओ बने जिन्होंने अतिक्रमण पर चलवाई बुलडोजर..!

नगर में हुये इस अतिक्रमण पर चले बुलडोजर की कार्यवाही पर सीएमओ ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुये बताया कि वे संविधान के बने नियमों का पालन कर अपने कर्तब्यों का निर्वहन कर रहा हूँ.और उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही होना बताया.उन्होंने कहा कि कारगिल चौक के वन विभाग द्वारा बनाये गये वन डिपो के चारों ओर अतिक्रमण किया गया है.उन मकानों को भी नेस्तनाबूत की कार्यवाही बहुत जल्द करने की बात कही।

### कार्रवाई को लेकर सैकडों की संख्या में जुटे लोग..!

शुक्रवार सुबह से ही दुकानदारों ने अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी थी.इसके बाद नगरीय प्रशासन का बुलडोजर पहुंचा तो थोड़ी तनाव की स्थिति बनी.लेकिन इस दौरान पुलिस के जवानों ने मोर्चा सम्हाल लिया जिसके बाद वहां शांतिपूर्ण अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही चली.सीएमओ टीआर यादव ने बताया कि अतिक्रमण कारियों को कई बार नोटिस जारी किया गया था.उसके बाद भी कोई इसका पालन नही कर रहा था.जिसके कारण उन्हें उच्च अधिकारियों के निर्देश पर यह कार्यवाही करनी पड़ी.इस कार्यवाही से उन्होंने संकेत दिया कि आने वाले दिनों में हुये अन्य जगहों पर नगर पंचायत के परिषद बैठक में अहम निर्णय लिये गये है.।



पुलिस के साथ अप्रवासी।

## कोतबा में 23 प्रवासियों की जांच के लिए लिया गया फिंगरप्रिंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की कोतबा चौकी क्षेत्र में रह रहे बाहर से आए लोगों के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया।

जांच के दौरान पुलिस ने 23 प्रवासियों के पहचान पत्रों की जांच की और उनके फिंगरप्रिंट भी लिए। सभी प्रवासी झारखंड और पश्चिम बंगाल से आकर कोतबा में फेरीवाले और ठेका मजदूर के रूप में रह रहे थे। पुलिस को इन प्रवासियों के स्थानीय रिकॉर्ड या ठिकानों की जानकारी नहीं थी, न ही उनके मकान मालिकों ने थाने में कोई सूचना दी थी। ऐसे में पुलिस ने दस्तावेज खंगाले और ⏭ शेष पेज 4 पर

### पहले भी चल चुका है अभियान

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अवैध रूप से रह रहे लोगों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पहले जशपुर, कांसाबेल के पोंगरो, बटाईकेला और कुनकुरी टाउन में भी जांच अभियान चलाया जा चुका है। उन जगहों पर भी बाहर से आए मजदूरों और फेरीवालों के दस्तावेजों की जांच की गई थी।

## चरित्र शंका पर पत्नी को मारने दौड़ा नहीं मिली तो बच्ची की कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिस घर में किलकारी गूंजती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है जिले के दोकड़ा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीबहार गांव में एक पिता ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए ढाई साल की मासूम बेटी की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना रविवार शाम की है। पत्नी पर वार करने के बाद जब वह जान बचाकर ⏭ शेष पेज 4 पर

- इंसानियत को शर्मसार करने वाली वारदात
- पड़ोसियों की मदद से अस्पताल पहुंची थी बच्ची



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मां की आंखों के सामने टूटी दुनिया

शोर सुनकर जब पत्नी दौड़ती हुई बेटी के पास पहुंची तो देखा कि बच्ची की गर्दन से खून की धारा बह रही थी। चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में बच्ची को कुनकुरी के हॉलीक्रॉस अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट पिता गिरफ्तार

घटना के बाद मां ने दोकड़ा पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। मामला सामने आते ही एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई। कुछ ही घंटों में आरोपी विमल मिंज को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी में दोकड़ा चौकी प्रभारी अशोक यादव, एएसआई नीता कुर्रे, प्रधान आरक्षक संजय, आरक्षक कुलकांत और इग्नासियुस की अहम भूमिका रही। हत्या का मामला दर्ज, आगे की जांच जारी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है और आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## तलाकशुदा महिला का 3 साल तक करता रहा शारीरिक शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के फरसाबहार थाना क्षेत्र से एक शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 27 वर्षीय युवक ने तलाकशुदा महिला को शादी का झांसा देकर करीब तीन साल तक उसका शारीरिक शोषण किया और फिर चुपचाप किसी और से शादी कर ली। जब महिला को इस बात की जानकारी मिली तो उसने फरसाबहार थाने में मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर पुलिस बेहद सजग और संवेदनशील है। ऐसे मामलों में दोषी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### किसी और से कर ली शादी

घटना की परत तब खुली जब महिला को गांव के ही किसी व्यक्ति से पता चला कि अनूप एक्का ने किसी और लड़की से शादी कर ली है। महिला ने जब फोन कर उससे बात की तो उसने स्वीकार किया कि उसने शादी कर ली है, और अब वह उससे कोई रिश्ता नहीं रखना चाहता। इस धोखे और लंबे समय तक हुए शोषण से आहत महिला ने तत्काल फरसाबहार थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई।

### पहले भरोसा जीता, फिर सिंदूर भर शादी का भ्रम दिया

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी साल 2000 में हुई थी और पांच बच्चे भी हैं। 2012 में घरेलू विवाद के चलते उसका तलाक हो गया। इसके बाद वह बच्चों के साथ अलग रह रही थी। 14 सितंबर 2021 को किसी काम से पास के गांव गई थी, जहां उसके गांव का ही युवक अनूप एक्का मिला। उसने बातचीत के दौरान कहा कि वह उसे पसंद करता है और शादी करना चाहता है। महिला ने साफ कहा कि वह तलाकशुदा है और उसके 5 बच्चे हैं, लेकिन युवक ने कहा, मुझे तुम जैसी ही लड़की चाहिए, मैं तुमसे ही शादी करूंगा।

### आरोपी ने कबूला गुनाह

थाना फरसाबहार की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान अनूप एक्का ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। सबूतों के आधार पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसकर किया दुष्कर्म

पीड़िता ने आगे बताया कि उसी रात अनूप एक्का उसके घर आया और शादी का झांसा देकर जबरन शारीरिक संबंध बनाए। कुछ दिनों बाद वह सिंदूर की डिब्बी लेकर आया और महिला की मांग में भर दिया। इसके बाद आरोपी महिला के घर आने-जाने लगा और 17 अप्रैल 2025 तक शारीरिक शोषण करता रहा। जब भी महिला शादी को लेकर बात करती तो अनूप कहता सिंदूर तो भर ही दिया है, शादी बाद में करेंगे। इस झांसे में आकर महिला ने उसे पति मानकर संबंध बनाए रखा।

### गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आईपीसी की धारा 450 (घर में घुसपैठ), 376 (बलात्कार) और 376(2)(एन) (दोहराए गए बलात्कार) के तहत एफआईआर दर्ज की। साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी करवाया गया, जिसमें आरोप की पुष्टि हुई।

## राजस्व अधिकारियों ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण



स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करते राजस्व अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार शुक्रवार को राजस्व अधिकारियों द्वारा वृहद स्तर पर जिले के सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के कड़ी में सभी विकासखण्डों के एसडीएम व तहसीलदार ने सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचकर डॉक्टर एवं स्टाफ के उपस्थिति की जानकारी ली। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए अनुपस्थित अधिकारी, कार्मचारी पर कार्यवाही की गई और समय पर उपस्थित होने हेतु कड़ी हिदायत दी गई। इस दौरान राजस्व अधिकारियों द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एसडीएम नंदजी पाण्डेय ने सीएचसी कुनकुरी का निरीक्षण किया और डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति की जानकारी ली। इसी प्रकार सभी विकासखण्डों के तहसीलदारों व राजस्व अधिकारियों ने भी अपने-अपने क्षेत्रों के पीएचसी और सीएचसी का निरीक्षण किया। इनमें पीएचसी कुंजारा, बागबहार, पालीडीह, भगोरा, कोतबा, उप स्वास्थ्य केन्द्र जामझोर, मुण्डापारा, पाकरगांव, सीएचसी पत्थलगांव, फरसाबहार, बगीचा, दुलदुला और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंदरचुआं शामिल हैं। इन केन्द्रों में राजस्व अधिकारियों ने निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया और केन्द्रों में साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए हैं।

- डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों के उपस्थित की ली जानकारी




## खबर संक्षेप



### वन, खनिज, जिला व्यापार एवं उद्योग श्रम विभाग की कलेक्टर ने ली बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज खनिज, श्रम, उद्योग एवं वन विभाग की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन जिला संयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर ने सर्वप्रथम खनिज विभाग की समीक्षा की। कलेक्टर ने रेत के अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए जिला स्तर पर गठित टास्क फोर्स के माध्यम से निरंतर निगरानी एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाने की निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वीकृत रेत खदानों का संचालन पर्यावरणीय स्वीकृति में निर्धारित अनुमेय मात्रा के अनुरूप विधिसम्मत रूप से करने तथा खनिज राजस्व की समय पर वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृत खदानों से ही रेत का खनन एवं परिवहन हो तथा किसी भी अवैध स्त्रोत से आपूर्ति के मामले के कड़ी कार्रवाई की जाए। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने श्रम विभाग के संबंधित अधिकारियों को बाल श्रम पर नकेल कसने के लिए सतत मॉनिटरिंग व निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभाग से श्रमिक पंजीयन की अद्यतन स्थिति व विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग से कलेक्टर ने संचालित स्वरोजगार योजनाओं व पीएम विश्वकर्मा योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत संचालित 18 ट्रेड में ज्यादा से ज्यादा पंजीयन हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने वन विभाग की समीक्षा में तेंदूपत्ता संग्रहण को लेकर जानकारी ली गई और तेंदूपत्ता खरीदी हेतु वन समितियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### एनएच 43 पर दुर्घटना रोकने लगाए स्ट्रीट लाइट दो माह से बंद



**बिश्रामपुर।** वर्ष भर पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर रेहर गायत्री मार्ग कुरवां मोड़ से लेकर टोल बैरियर के पहले हनुमान मंदिर तक के करीब ढाई किलोमीटर क्षेत्र सहित मार्ग में पचीरा के करीब दुर्घटनाजन्य स्थल घोषित कर वहां स्ट्रीट लाइट लगाए गए थे।यह पहल जिला प्रशासन सूरजपुर की तरफ से की गई थी ताकि अंधेरे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसमें एनएच प्रबंधन ने करीब एक करोड़ रुपये की निविदा निकालकर इस कार्य को ठेकेदार के माध्यम से पूरा कराया था।स्ट्रीट लाइट सहित हाई मास्ट लाइट स्थापना के बाद चिन्हित स्थलों में दुर्घटनाओं में काफी कमी आई थी, लेकिन अब पिछले दो महीने से स्ट्रीट लाइट का लाभ मिलना राहगीरों को बंद हो गया है। पहले जहां इन लाइटों के लगने से दुर्घटनाओं में कमी देखी गई थी,अब फिर से यह क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ गई है।बताया गया कि कुरवां मोड़ के पास लगे ट्रांसफार्मर में पिछले दिनो बिजली गिरने से विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई है जबकि टोल बैरियर से पहले हनुमान मंदिर के पास पीएचई द्वारा पाइप लाइन बिछाने व खोदे गए गड्ढे से केबल कट जाने से स्ट्रीट लाइट सेवा ठप्प पड़ गई है। इस पर स्थानीय निवासियों लक्षण सिंह, अशोक कुमार, केश्वर प्रसाद, श्याम लाल, जय प्रकाश, श्याम केश्वर और करमू राम ने मामले की शिकायत सूरजपुर कलेक्टर से करते हुए त्वरित हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लाइट लगाते समय एनएच अधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि एक वर्ष तक रख-रखाव की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदार की होगी, लेकिन अब न विभाग और न ही ठेकेदार इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं।

### शिकायत पर लंबित प्रकरणों का जल्द करें निराकरण : एसएसपी

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुलिस अधिकारियों की बैठक ली और प्रभारियों से अपराध, मर्ग व शिकायत लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए। अवैध कार्यो पर पूर्णतः



अंकुश लगाने, पीड़ित-फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने, थाना के कार्यो में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्व निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही विवेचना की धीमी गति पर विवेचकों को दंडित करने की बात कही। बैठक में एसएसपी ने सड़क दुर्घटना के मामले में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा जोड़कर कार्रवाई करने, माल वाहक गाड़ियों से होने वाले दुर्घटना को रोकने के लिए पिकअप-ट्रक में सवारी बैठने वाले चालकों पर सख्ती से कार्रवाई करने की सख्त हिदायत दी। अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉरलेंस की नीति अपनाते हुए आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर सख्त कार्रवाही करने, बदमाशों की निगरानी हिस्ट्रीशीट खोलने प्रतिवेदन भेजने, क्षेत्र में बेसिक व विजिबल पुलिसिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों से कहा कि सभी कार्य के प्रति जिम्मेदार बने और जवानों से जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने प्रोत्साहित करें। प्रत्येक दिवस कर्तव्य का निर्वहन करते है किन्तु आगामी 1-2 दिवस की कार्ययोजना पहले से ही बनाकर रखे और अधीनस्थों से उसी अनुरूप कार्य ले। मादक पदार्थां और सूखे नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई के साथ-साथ उनकी बरामदगी के स्तर पर सुधार हेतु निर्देशित किया। बैठक में सीएसपी एसएस पैकरा, एसडीओपी नरेन्द्र सिंह पुजारी, सौरभ उईके, राजेश जोशी, अभिषेक पैंकरा, डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप सहित जिले के थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## कहा-सूचना के बाद भी नहीं आए पुलिसकर्मी

# सुशासन तिहार में पुलिस विभाग की गैर मौजूदगी पर भड़की विधायक



हितग्राहियों को आवास की चाबी देती विधायक।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर**

सुशासन तिहार के अंतर्गत गुरुवार को राजपुर नगर पंचायत में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। नगर पंचायत राजपुर के डेली सब्जी मंडी में आयोजित समाधान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उधेश्वरी पैकरा, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह एवं जनपद अध्यक्ष विनय भगत जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल उपस्थित रहे।

शिविर के दौरान विधायक ने पुलिस विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाए और शिविर में गैर मौजूदगी पर नाराजगी जाहिर की। इस दौरान विधायक श्रीमती पैकर ने कहा कि सुशासन तिहार का आयोजन पूरे उत्साह के साथ जारी है। प्रदेशभर के गांवों और कस्बों में शासन-प्रशासन पूरी तत्परता और तन्मयता के साथ आमजन की बातें सुन रहा है और उनका का समाधान कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारियों ने यहां स्टॉल लगाकर मौजूद हैं परंतु पुलिस विभाग नदारद है। समाधान शिविर पुलिस थाना के नाक के नीचे हो रहा है ऐसे में पुलिस विभाग का न होना समझ से परे है। मेरे बुलाने के बाद पुलिस विभाग के कर्मचारी यहां नहीं आए यह ठीक नहीं है। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं पर जोर देते हुए कहा कि विगत 14 अप्रेल को हुई नगर में सड़क दुर्घटना में पुलिस अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया। सीसीटीवी सहित सारे सबूत होने के बाद भी अभी तक उस दुर्घटना का कोई निराकरण नहीं हो पाया है तो मुझे लगता है कि ऐसे में आप लोगों का यहां रहना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत, ग्राम पंचायतों से भी बुरी स्थिति में है। उन्होंने नगर पंचायत अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों से कहा कि नगर पंचायत में बहुत समस्याएं हैं आप लोग नगर पंचायत की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगर में सड़क पर वाहने खड़ी रहती है जिससे दुर्घटनाएं होती है, आप लोग सड़क के किनारे खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई करें। शिविर में वार्ड क्रमांक 06 निवासी साधना गुप्ता पति आनंद गुप्ता ने विधायक से शिकायत किया कि घर बनाने के लिए अनुज्ञा प्रमाण पत्र हेतु ब्लु प्रिंट व अन्य दस्तावेज एक प्राइवेट इंजीनियर को दिया था जिसके एवज में उक्त इंजीनियर ने मुझसे बीस हजार भी ले लिए परंतु तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक घर बनाने की अनुज्ञा प्रमाण पत्र नही दिया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधायक ने राजपुर एसडीएम राजीव जेम्स कुजूर एवं मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को इस संबंध में तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह ने कहा कि नगर में विकास कार्य तेजी से किया जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12-13 एवं 07 में सड़कों का डामर युक्त मरम्मत किया है आगे भी कई वार्डों में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगले 5 सालों के लिए नगर में विकास हेतु रोडमेप तैयार किया जा रहा है। वार्डो में बीटी सड़क निर्माण, सीसी सड़क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक भवन निर्माण, रिटर्निंग वाल, पाइप लाइन विस्तार, नाली निर्माण, खेल मैदान निर्माण, पुष्प वाटिका निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, शॉपिंग काम्प्लेक्स निर्माण, हॉट बाजार निर्माण, एनीकट निर्माण सहित कई विकास कार्यों हेतु लगभग 74 करोड़ का प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है। उन्होंने विधायक से इन सभी कामों की स्वीकृति मुख्यमंत्री से कराने का निवेदन किया।

**खास बात**

- सड़क दुर्घटनाओं में सबूत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई

नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधायक से नगर में मुख्यमंत्री रिंग रोड विस्तार योजना के तहत राजपुर के तहसील कार्यालय से बकसपुर तक रिंग रोड स्वीकृत कराने की भी मांग की। समाधान शिविर में जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी लखपति दीदी सम्मान प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र आयुष्मान कार्ड राशन पीएम आवास (शहरी) प्रमाण पत्र सहित कई योजनाओं का वितरण किया। इस दौरान एसडीएम राजपुर राजीव जेम्स कुजूर, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, रेंजर महाजन साहू, पशु चिकित्सा अधिकारी राम लखन, बीएमओ रामप्रसाद राम, खाद्य अधिकारी संतोष पैकरा, दयाशंकर गुप्ता, जयसिंह सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### समाधान शिविर में गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं दो बच्चों का किया गया अन्नप्राशन

**सूरजपुर।** सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम पंचायत केदारपुर में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्राम पंचायत बकिरमा, महेशपुर, हरिहपुर, विन्ध्याचल, सारसताल, केदारपुर, लक्ष्मणपुर, कोटेया, महोरा, रामेश्वरनगर, बल्देवनगर के ग्रामीण शामिल हुए।



शिविर अंतर्गत सभी विभागों को मिलाकर 2 हजार 625 मांग एवं 86 शिकायत, कुल 2 हजार 711 आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी विभागों द्वारा अपने विभाग में प्राप्त आवेदनों के निराकरण को पढ़कर शिविर में सभी को बताया गया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1 हजार 279 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 1 हजार 263 मांग एवं 16 शिकायत की आवेदन थे। सभी 1279 आवेदनों के निराकरण की कार्रवाई आवेदकों को बताया गया। शिविर में 46 पेंशन हितग्राही को पेंशन आदेश, 7 नवीन जॉब कार्ड, 16 नवीन राशन कार्ड, 29 व्यक्तिगत शौचालय एवं 1 सामुदायिक शौचालय आदेश वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 5 गर्भवती महिलाओं का गोदभराई कार्यक्रम एवं दो बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम कराया गया। शिविर में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया और वहां मौजूद अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शिता से दिलाने के निर्देश दिए। विधायक मरावी ने कहा कि राज्य सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयासरत है और इसी उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार अंतर्गत ग्राम करोली में लगा समाधान शिविर

**धौरपुर।** जनपद पंचायत लुंड्रा अंतर्गत ग्राम पंचायत करौली में समाधान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय विधायक प्रबोध मिंज के आतिथ्य में किया गया। शिविर में जनपद के ग्राम पंचायत अमड़ी, आसनडीह, बाबोली, बिल्हमा, चंगोरी, छेरमुण्डा, धौरपुर, डुमकी, दुंदु, जोरी ककनी, करौली, कर्रा, कुदर, पड़ोली, रघुपुर के ग्रामवासी अपनी शिकायत एवं मांगों की जानकारी लेने उपस्थित हुए। सुशासन तिहार अंतर्गत 16 ग्राम पंचायतों से कुल 3851 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से कुल 3834 आवेदनों का निराकरण किया गया जबकि 17 आवेदन लंबित रखे गए हैं। मांगों के 3775 एवं शिकायतों के 76 आवेदन मिले थे जिनमें एक शिकायत का निराकरण नहीं किया जा सका है। विभागीय जानकारी के अनुसार ग्राम कुदर के भूमि टोंगरी पारा में नल-जल से पानी की आपूर्ति बंद होने की शिकायत की गई थी जिसे विभाग ने निराकृत दिखाकर पल्ला झाड़ लिया है। अभी भी गांव में पेयजल की आपूर्ति नहीं की जा रही है जिसकी शिकायत ग्रामवासियों ने एसडीएम को शिविर स्थल पर ही दिया था। विभाग को समस्या के निराकरण के लिए चार दिन का समय दिया गया है। शिविर में जि.पं. उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से बताया। विधायक प्रबोध मिंज ने अपने कार्यकाल में स्वीकृत निर्माण कार्यों की जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को विस्तार से दी। शिविर में 10 जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष कृष्णा पावले, उपाध्यक्ष श्रीमती जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, संजय जायसवाल, पूर्व विधायक भोला सिंह, वैभव सिंह, विरोध राम सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**जिपं अध्यक्ष ने किया अस्पताल का निरीक्षण-** समाधान शिविर के समापन उपरांत जिपं अध्यक्ष निरूपा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं सहित अस्पताल एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां ली। इस दौरान बीएमओ डॉ.राघवेंद्र चौबे, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता एवं मनीष सिंह उपस्थित थे।






### समाधान शिविर में किया गया आवेदनों का निराकरण

**लखनपुर।** गुरुवार को नगर पंचायत के सामुदायिक भवन में सुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सुशासन तिहार में समस्त विभागों के कुल आवेदन 212 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें 209 मांग एवं 03 शिकायत शामिल थे।

इनमें से नगर पंचायत लखनपुर हेतु 110 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 43 निर्माण कार्य, 24 प्रधानमंत्री आवास योजना, 7 पेयजल, 4 स्वच्छता, 18 स्थापना, 3 राशन कार्ड, 2 जन्म मृत्यु एवं 09 अन्य मांगों से संबंधित थे। इसमें सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण कर समाधान शिविर में संबोधित किया गया। राजस्व विभाग द्वारा दीपक यादव, सुभाष अग्रवाल, जगदीश सिंह, अमित चौरसिया को त्रुटि सुधार कर बी 1 तथा महेश गुप्ता को ऋण पुस्तिका प्रदान की गयी। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य विजय अग्रवाल, नपं अध्यक्ष श्रीमती सावित्री दिनेश साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती नेहा सन्नी बंसल, पार्षद गायत्री सचिन अग्रवाल, पार्षद उर्मिला खलखो, पार्षद बबलू मझवार, पार्षद समीम उद्दीन, पार्षद पुनम साहू, पार्षद रमेश कुमार जायसवाल, पार्षद बघोलन राम, पार्षद राजेश सोनवानी, राजेन्द्र जायसवाल, सुरेन्द्र साहू राकेश साहू नरेन्द्र पाण्डेय, बृजेन्द्र दुहलिया, सुभाष अग्रवाल, एवं एसडीएम उदयपुर बनसिंह नेताम, नायब तहसीलदार लखनपुर उमेश तिवारी, सीएमओ विद्यासागर चौधरी, राजस्व निरीक्षक संजय सिंह, पटवारी बदन सिंह पैंकरा, असीम शुक्ला, बैंक कर्मचारी सुप्रिया दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी आदि मौजूद थे।



### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही तीन पंचायत सचिव निलंबित

**रायगढ़।** जिले में आवास निर्माण की प्रगति को लेकर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज खरसिया और तमनार के सीईओ जनपदों के साथ अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सब इंजीनियर्स, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक एवं तकनीकी सहायकों की बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में ली।

बैठक में समीक्षा के दौरान आवास निर्माण में लापरवाही पाए जाने पर तीन सचिवों को सीईओ जिला पंचायत यादव ने निलंबित कर दिया है। जिसमें जनपद पंचायत खरसिया के ग्राम पंचायत घघरा सचिव राजेश सारथी, ग्राम पंचायत बरगढ़ के सचिवश्री कमलेश्वर राठिया एवं ग्राम पंचायत सूती की सचिव माधुरी सिदार को निलंबित कर दिया गया है। बैठक के दौरान सीईओ ने सभी पंचायतों में चल रहे पीएम आवास निर्माण के प्रगति के बारे में पंचायतवार जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पिछले 15 दिनों के दौरान फील्ड में किए गए निरीक्षण और हितग्राहियों से मुलाकात के संबंध में जानकारी ली। सीईओ ने इन निरीक्षणों के दौरान हितग्राहियों के द्वारा बताई गई समस्याओं के निराकरण के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी ली। सीईओ यादव ने कहा कि पीएम आवास का काम सर्वोच्च प्राथमिकता का है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी आवास निर्माण की प्रगति के लिए दिए गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। आगे नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी।

### महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के बाद पति को दी गई अनुग्रह राशि

**सीतापुर।** शासकीय सेवा के दौरान महिला स्वास्थ्यकर्मी की मृत्यु के बाद उसके परिजनों को अनुग्रह राशि प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा पीड़ित परिवार के घर जाकर मृतिका के पति को अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार का चेक दिया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर ललितपुर में कार्यरत आरएचओ लखमुनि तिर्की की 14 मई को निधन हो गया था। महिला स्वास्थ्यकर्मी के निधन के बाद शासन के नियमानुसार विभाग द्वारा दी जाने वालों अनुग्रह राशि पीड़ित परिवार को प्रदान की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मार्टिन निकुंज, बलभद्र सिंह ठाकुर एवं लेखपाल देवीदयाल चौधरी ग्राम रजौटी मुड़ापारा स्थित मृतक के घर पहुंचे जहां परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतिका के पति बुधराम भगत को अनुग्रह राशि के रूप में 50 हजार का चेक प्रदान किया।



### सद्भावना ग्राम तकिया में उर्स को लेकर तैयारियां जोरों पर

**अंबिकापुर।** सद्भावना ग्राम तकिया में होने वाले सालाना उर्स को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही है। इस बीच जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने तकिया ग्राम पहुंचकर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उर्स के दौरान होने वाली भीड़ और आवागमन व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बता दें की सद्भावना ग्राम तकिया में 20, 21 और 22 मई को हजरत बाबा मुरादशाह, हजरत बाबा मोहब्बत शाह का सालाना उर्स आयोजित किया जाएगा। इस दौरान 20 मई को सदर रोड स्थित जामा मस्जिद से संदल चादर के साथ जुलूस निकाला जाएगा जो शहर भ्रमण करते हुए सद्भावना ग्राम तकिया पहुंचेगा। जुलूस के बाद मजार में चादर पोशी की जाएगी। इसके साथ ही 21 और 22 मई को कव्वाली का मुकाबला होगा। इस बार उर्स में 21 मई को उत्तर प्रदेश के कव्वाल शाकिब शाबरी और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच मुकाबला होगा जबकि 22 मई को मुंबई के कव्वाल हामिद हुसैन और दिल्ली की कव्वाला जारा वारशी के बीच कव्वाली का शानदार मुकाबला होगा। कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी ने बताया कि उर्स की तैयारियों को लेकर अपर कलेक्टर अमृत लाल ध्रुव, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, एसडीएम फगेश सिन्हा के साथ ही जिला और पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान उर्स में होने वाली भीड़, आवागमन सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- अधिकारियों ने किया निरीक्षण



### चिकित्सा विभाग में 40 वर्षों की सेवा पूर्ण कर सीनियर मेट्रन सुषमा आर्गल हुईं सेवानिवृत्त



**बिश्रामपुर /सूरजपुर।** नर्स दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय सूरजपुर के सभागार में आयोजित एक भावनात्मक समारोह में सेवानिवृत्त सीनियर मेट्रन श्रीमती सुषमा आर्गल को स्वास्थ्य विभाग द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। गौरतलब है कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर वार्ड क्रमांक 2 निवासी श्रीमती सुषमा आर्गल ने 31 दिसंबर 1984 को बतौर स्टाफ नर्स सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में अपनी चिकित्सा सेवा यात्रा आरंभ की थी।बाद में कुछ सालों पश्चात प्रमोशन होकर वर्ष 2021 को मेट्रन बनने पश्चात जिला अस्पताल सूरजपुर में चिकित्सा सेवाएं जारी रखी, निरंतर पूरे 40 वर्षों तक उन्होंने दिन-रात रोगियों की सेवा को अपना धर्म माना,न सिर्फ दवाइयों से बल्कि अपने अपनत्व और स्नेह से उन्होंने अनगिनत जीवन में उम्मीद की किरण जगाई।विदाई समारोह के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अजय मरकाम ने उन्हें शॉल, श्रीफल, अभिनंदन पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए कहा कि श्रीमती सुषमा आर्गल केवल एक मेट्रन नहीं बल्कि हमारे जिला अस्पताल सूरजपुर की जीवित प्रेरणा हैं।

उनके जैसे समर्पित स्वास्थ्यकर्मी विरले ही होते हैं।उक्त कार्यक्रम में अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों व डॉक्टरों ने भी मंच पर आकर उनके साथ चिकित्सा सुविधा में बिताए संस्मरण वक्त को साझा किए, इस दौरान डॉ अजय मरकाम सहित डॉ राजेश पैकरा, डॉ जेएस सरुता, डॉ प्रियंका पटेल, डॉ राजेश वैश्य सहित जिला अस्पताल के समस्त नर्स व स्टाफ मौजूद रहे।

- जिला अस्पताल में स्वास्थ्य अधिकारीयों ने विदाई समारोह आयोजित कर किया सम्मानित

# कुम्दा कॉलोनी में पानी के लिए तरस रहे कोलकर्मियों के परिवार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर**

भीषण गर्मी में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत कुमदा कॉलोनी में पानी सप्लाई और पेयजल स्थिति और भी विकराल हो गई है। यहां के लगभग 1 हजार श्रमिक परिवार दूसरी बार जल संकट की चपेट में आ गए हैं।कॉलोनी के घरों में नल सूख गए हैं, टंकियां खाली हैं और पसीने से तर-ब-तर लोग एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं।

- भीषण गर्मी में पोखरी के जलस्तर नीचे गिर जाने से फ़िल्टर प्लांट पम्प से पानी सप्लाई हुई बंद
- इसी पोखरी से किसान भी मोटर लगाकर खेतों में दे रहे पानी



इसका मुख्य कारण पोखरी का जल स्तर नीचे गिर जाने को बताया गया है, यहाँ फिल्टर प्लांट पंप हाउस से जुड़े इस जलाशय का जलस्तर इन दिनों इतनी तेजी से गिरा है कि मोटर पंप अब पानी खींच पाने में असमर्थ हैं। लेकिन इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उसी जलाशय से खेती के लिए बड़े पंपों से पानी खींचा जा रहा है, जिससे जल स्तर और तेज़ी से नीचे गिर गया।पिछले 15 दिनों से कॉलोनी में जल आपूर्ति बाधित है,और बीते दो दिनों से अब तो पूरी तरह से व्यवस्था ठप्प हो चुकी है। फिल्टर फोरमैन इंचार्ज प्रेम जायसवाल बताते हैं कि हमने कई बार उच्च अधिकारियों को पत्र भेजा, समस्या को लेकर चेताया, पर प्रबंधन पर कोई असर नहीं पड़ा।विगत माह 28 अप्रैल को फिल्टर प्लांट फोरमैन इंचार्ज द्वारा जल आपूर्ति ठप्प होने पर तत्काल समस्या के निराकरण हेतु एसईसीएल प्रबंधन को लिखित पत्र प्रेषित कर अवगत कराया गया कि सिविल विभाग द्वारा दोनों पोखरी के बीच मिट्टी कटाव एवं सामान्य सेल की कटौती की आवश्यकता है एवं पंप साइट सेक्शन पाइप के तरफ 6 से 7 फीट गहरा कर आरसीसी ब्रिक वाल लगाने की तत्काल आवश्यकता है जिससे जल संचयन की व्यवस्था बन पाएगी, यदि इस कारगर विधि को नहीं अपनाया गया तो आने वाले समय में पेयजल की विकराल समस्या उत्पन्न हो जाएगी। यह केवल जल संकट नहीं, श्रमिकों के आत्मसम्मान की लड़ाई बन चुकी है।श्रमिक संगठनों ने कहा है कि इस संबंध में कई बार एसईसीएल प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन हर बार केवल कोरे आश्वासन ही मिले। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो जल आंदोलन की शुरुआत की जाएगी।

# कान्स में चला टॉम क्रूज का जादू

# स्टैंडिंग ओवेशन मिला तो हुए भावुक

## 'मिशन इम्पॉसिबल 8' देख 5 मिनट बजती रहीं तालियां

*पेरिस। कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 का दूसरा दिन हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'के नाम रहा। दूसरे दिन जब टॉम क्रूज कान्स की रेड कार्पेट पर पहुंचे तो लोगों का शोर काफी बढ़ गया। इसके बाद 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'का प्रीमियर हुआ। फिल्म को कान्समें जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। 'मिशन इम्पॉसिबल: फाइनल रेकनिंग'को स्टैंडिंग ओवेशन मिला और काफी देर तक लोग फिल्म की तारीफ में तालियां बजाते रहे। जिसे देखकर टॉम क्रूज भावुक हो गए।*



### निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने की तारीफ

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग'के निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी ने इस दौरान कहा, 'यहां आने और हमारा समर्थन करने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मैं इस असाधारण और कमाल के कलाकार को धन्यवाद देना चाहता। जब मैं आपको बताता हूं कि वे कितने असाधारण हैं, तो यह सिर्फ हर दिन काम पर आने के लिए नहीं था। यह फिल्म एक महामारी और दो इंडस्ट्री के हड़तालों के दौरान बनाई गई थी। ये दोनों फिल्में सात साल के समय में बहुत ही मुश्किलों के बीच बनाई गई थीं। यह फिल्म यहां खड़े इन सभी लोगों की कड़ी मेहनत के बिना संभव नहीं होती। यह दुनिया की सबसे असाधारण कास्ट है।' फिल्म के प्रीमियर के दौरान फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई।

### लोगों का जताया आभार

कान्स में 'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग'को मिली प्रतिक्रिया से फिल्म की पूरी टीम काफी खुश और भावुक हो गई। मिशन इम्पॉसिबल फ्रेंचाइजी की आखिर कड़ी के साथ इस फ्रेंचाइजी को अलविदा कहते हुए टॉम क्रूज इमोशनल हो गए। दर्शकों के भारी समर्थन के लिए टॉम क्रूज ने उनका शुक्रिया अदा किया। इस मौके पर हॉलीवुड स्टार ने कहा, 'यह प्रतिक्रिया ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। आप ही हैं जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं। ये बड़े पर्दे का अनुभव ही है जिसकी वजह से हम ऐसा करते हैं।'

### भारत में 17 मई को होगी रिलीज

'मिशन इम्पॉसिबलः फाइनल रेकनिंग' भारत में दुनियाभर में रिलीज होने से छह दिन पहले 17 मई को रिलीज हो रही है। इस फिल्म के लिए टॉम ने अपने स्टंट का लेवल और अपग्रेड कर दिया है। भारत में फिल्म को लेकर दर्शकों के उत्साह का अंदाजा इसी से लगाया दा सकता है कि फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही महज 24 घंटों के अंदर 11,000 से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। कुल मिलाकर अब तक फिल्म के 45 हजार टिकट बिक चुके हैं।

*78वां कान्स फिल्म महोत्सव 13 से शुरू हो चुका है और 24 मई तक चलेगा। हर साल कान्स में कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल होती हैं। देखिए कुछ भारतीय एक्ट्रेस के यादगार और स्टाइलिश लुक, जिन्होंने कान्स में बटोरी चर्चा। कान्सरेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार फैशन पल सिनेमा के साथ-साथ ग्लैमरस रेड कार्पेट लुक्स के लिए भी मशहूर है। भारतीय सितारों ने यहां अपने स्टाइल से सबका ध्यान खींचा है। आइए, बॉलीवुड के कुछ सबसे शानदार कान्स लुक्स पर एक नजर डालते हैं...*

# कान्स रेड कार्पेट पर बॉलीवुड के सबसे यादगार स्टाइल मोमेंट्स



**ऐश्वर्या राय बच्चन :** कई ब्रांड की ग्लोबल एंबेसडर ऐश्वर्या का 2017 का लुक सबसे खास था। उन्होंने माइकल सिन्को का फ्रॉस्टी ब्लू बॉल गाउन पहना, जो सिंड्रेला जैसा था। इसके ऊपर कढ़ाई, ट्यूल की परतें और प्लीट्स वाला यह गाउन वर्साय की पेंटिंग से प्रेरित था। यह परीकथाओं जैसा पल था। कान्स में ऐश्वर्या शामिल हो या ना हो, लेकिन उनकी चर्चा इस महोत्सव हो हो ही जाती है।




**दीपिका पादुकोण :** दीपिका ने 2022 में जुहैर मुराद का पारदर्शी आइवरी गाउन पहना था। फ्लोरल लेस, फिशटेल सिल्हूट और गहरी नेकलाइन वाला यह लुक बेहद शानदार था। लोरेन श्वाट्र्ज के हीरे के झुमके और निकोलस किर्कवुड हील्स ने इसे और खास बनाया। दीपिका का यह लुक आज भी चर्चा में है।


**सोनम कपूर :** सोनम ने अनामिका खन्ना की हल्की गुलाबी नेट साड़ी-ड्रेस में क्लासिक और ट्रेंडी लुक को पेश करती है। जिमी चू के जूते और फेरागामो क्लच के साथ उनका लुक हमेशा की तरह एक फैशनिस्टा लुक को दर्शाता है। सोनम का यह स्टाइल हर किसी को बेहद खूबसूरत लगा था।

**अदिति राव हैदरी :** अदिति ने गौरव गुप्ता के 2024 कलेक्शन से ब्लैक एंड व्हाइट गाउन में रेड कार्पेट पर जादू बिखेरा था। उनका यह लुक बेहद यूनीक था। इस मखमली ड्रेप्स और स्लीक हेयरस्टाइल के साथ उनका मिनिमल लुक ग्लैमर की शानदार पेशकश थी।

**अनुष्का शर्मा :** अनुष्का ने अपने डेब्यू में रिचर्ड क्विन की क्रीम रंग की ऑफ-शोल्डर ड्रेस चुनी। साटन गाउन पर 3डी फ्लोरल डिजाइन और जालीदार काम ने इसे खास बनाया। चोपर्ड झुमके और साफ-सुथरी हेयरस्टाइल ने इस लुक को पूरा किया।



**प्रीति जिंटा :** प्रीति ने 2024 में विविएना लोरिकेट का "नायरा" गाउन पहना, जो मेट गाला में भी दिखा। सेक्विन, मोती और क्रिस्टल से सजा यह बैकलेस गाउन मरमेड स्टाइल गाउन बेहद ही खूबसूरत था, जिसे पहनने के बाद प्रीति की खूबसूरती ने चार चांद लगा दिए। फ्रिंज पर्ल ड्रॉप्स और सिल्क बो स्लीव्स ने इसे शानदार बनाया था।



# ट्रेलर देखकर पापा खुशी से रो पड़े...


**मुंबई।** सोमनाथ मंदिर पर विदेशी आक्रांताओं के हमलों की कहानी कहती फिल्म 'केसरी वीर'से आकांक्षा शर्मा बतौर लीड हीरोइन डेब्यू कर रही हैं। सुनील शेट्टी को अभिनय में अपना गुरु मान चुकी आकांक्षा शर्मा ने कहा कि मैं तो मानती हूं कि ये महादेव की ही कृपा रही होगी कि मुझे सोमनाथ मंदिर पर बनी फिल्म से बड़े परदे पर शुरुआत करने के लिए चुना गया। मेरी ये पहली फिल्म है और मुझे सबसे अच्छा तब लगा जब फिल्म के सारे कलाकारों ने पहले दिन से ही सेट पर मेरा खास ख्याल रखा। जिस दिन फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, उस दिन मेरे पापा बहुत खुश थे। उनकी आंखों से खुशी के आंसू भी रह रहकर आ रहे थे लेकिन वह शायद किसी को ये दिखाना नहीं चाहते थे और किनारे जाकर अपनी आंखें पोछ रहे थे, तभी मेरे भाई ने चुपके से उनका ये वीडियो रिकॉर्ड कर लिया।



# अभिनेता से कहीं बढ़कर थे ओमपुरी...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और ओम पुरी ने आघात, आक्रोश, मंडी, चाइना गेट, भूमिका, मकबूल, डर्टी पॉलिटिक्स और अर्द्ध सत्य जैसी कई फिल्मों में एक साथ शानदार काम किया है। दोनों को एक सफल जोड़ी के रूप में भी माना जाता है। नसीरुद्दीन शाह ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी और ओम पुरी की फिल्म 'अर्द्ध सत्य' को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। नसीरुद्दीन ने एक्टर ओम पुरी की एक खास तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 'कल रात अर्द्ध सत्य को बड़े पर्दे पर बहुत दिनों बाद फिर से देखा गया। सदाशिव और ओम दोनों ही अपने सर्वश्रेष्ठ रूप में हैं। निकोलस रे ने बोगार्ट के बारे में जो कुछ कहा था, वह ओम पर भी लागू होता है, 'उनका चेहरा एक जीवंत निंदा था। वह एक अभिनेता से कहीं बढ़कर थे।

# 'हम साथ-साथ हैं' से लेकर कई बॉलीवुड फिल्में बताती हैं परिवार की अहमियत



**नई दिल्ली।** परिवार का साथ हो तो इंसान मुश्किल वक्त को सहजता से पार कर जाता है, परिवार का प्यार पाकर जिंदगी खुशियों से भर जाती है। इन्हीं बातों को और परिवार की अहमियत को हमारी हिंदी फिल्मों ने भी बड़ी खूबसूरती से बड़े पर्दे पर उतारा है।

***हम साथ साथ हैं :*** साल 1999 में रिलीज हुई सूरज बड़जात्या निर्देशित फिल्म 'हम साथ साथ हैं'एक हिट फैमिली ड्रामा मूवी है। यह फिल्म परिवार के प्यार और साथ की अहमियत को समझाती है। इस फिल्म की कहानी तीन भाइयों के अटूट रिश्ते पर आधारित थी। फिल्म 'हम साथ साथ हैं' में सलमान खान, मोहनीश बहल, सैफ अली खान, सोनाली बेंद्रे, करिश्मा कपूर, तब्बू, आलोक नाथ, रीमा लागू, नीलम कोठारी जैसे मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया।

***खोसला का घोंसला :*** फिल्म 'खोसला का घोंसला(2006)' कॉमेडी फिल्म जरूर रही, लेकिन दिबाकर बनर्जी निर्देशित इस फिल्म में परिवार की जो बॉन्डिंग दिखाई गई वह कमाल की है। इस फिल्म की कहानी दिल्ली में रहने वाले एक मिडिल क्लास आदमी किशोर खोसला (अनुपम खेर) की है। अनुपम खेर का किरदार और उनका परिवार कैसे एक बिल्डर खुराना (बोमन ईरानी) से अपनी कब्जा की हुई जमीन छुड़वाता है, यही फिल्म की कहानी है। इस फिल्म में परवीन डबास, विनय पाठक, रणवीर शौरी और तारा शर्मा जैसे एक्टर्स भी नजर आए। आगे चलकर इस फिल्म को बाद में तमिल और कन्नड भाषा में भी रीमेक करके बनाया गया।

***कभी खुशी कभी गम :*** करण जौहर निर्देशित फिल्म 'कभी खुशी कभी गम(2001)' की कहानी भी यह बताती है कि परिवार के बीच चाहे दूरियां आ जाए, उनका आपसी प्यार कभी कम नहीं होता है। फिल्म की कहानी में बिजनेस मैन यशवर्धन रायचंद (अमिताभ बच्चन) अपने गोद लिए बेटे राहुल को खुद से इसलिए अलग कर लेते हैं, क्योंकि वह अपनी पसंद की शादी कर लेता है। कई सालों तक पिता-पुत्र एक दूसरे से दूर रहते हैं। आगे चलकर राहुल (शाहरुख) का भाई रोहन (ऋतिक रोशन) अपने परिवार को करीबी लाता है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा ने टीआरपी लिस्ट में फिर की शानदार वापसी

**नई दिल्ली।** सीरियल 'अनुपमा' काफी समय से टीआरपी लिस्ट में पिछड़ रहा था, लेकिन इसने 18वां हफ्ते में वापसी की है और इस बार पहला स्थान हासिल किया है। सीरियल 'अनुपमा' में रुपाली गांगुली लीड रोल में नजर आती हैं। यह सीरियल महिला दर्शकों के बीच काफी मशहूर है। 18वें हफ्ते में इस सीरियल को 1.8 की टीआरपी मिली है। इसने सीरियल 'उड़ने की आशा' को इस बार पछाड़ा है। सीरियल 'उड़ने की आशा' काफी समय से टॉप पर बना हुआ था। इस हफ्ते 'उड़ने की आशा' को 1.8 की टीआरपी मिली है लेकिन यह दूसरे स्थान पर है। तीसरे स्थान पर 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' ने जगह बनाई है, 18वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में इसे 1.6 की टीआरपी मिली है। वहीं चौथे स्थान पर 'जादू तेरी नजर' सीरियल है, इसको 1.5 की टीआरपी मिली है। पांचवें स्थान पर 'लक्ष्मी का सफर' सीरियल है, इसे 1.5 की टीआरपी इस बार मिली है। कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 1.4 की टीआरपी मिली है, यह सीरियल कई सालों से दर्शकों को हंसा रहा है। अब भी इसकी कॉमेडी दर्शकों को पसंद आती है। वहीं 'एडवोकेट अंजलि अवस्थी' को 1.4 की टीआरपी इस हफ्ते मिली है। इसके अलावा 'मंगल लक्ष्मी' की टीआरपी 1.4 है। 'लाफ्टर शेफ 2' को 18वें हफ्ते में 1.3 की टीआरपी मिली है। यह सभी शो टॉप टेन शामिल हैं।

### सीआईडी के दया का हुआ भयानक एक्सीडेंट

**नई दिल्ली।** सीआईडी कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। शो का पहला सीजन कई सालों तक चला है और ये हर घर का हिस्सा बन गया था। दया, एसीपी प्रद्युमन या अभिजीत हो। हर किसी को लोगों ने भर-भरकर प्यार दिया है। ज्यादातर सेलेब्स को लोग उनके असली नाम नहीं, बल्कि शो के नेम से जानते हैं। दया, अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन लोगों के फेवरेट हैं। अब इस शो का दूसरा सीजन आया है और उसे भी बहुत पसंद किया जा रहा है। इसी बीच दया का एक वीडियो वायरल हो रहा है जो एक्सीडेंट का सीन है और एसीपी प्रद्युमन का नाम लेकर रोता नजर आ रहा है। इस वीडियो को देखकर फैंस चौंक गए हैं। सीन नें दिखाया गया है कि दया का एक्सीडेंट हो गया है। उसे बहुत चोट आई है और वो हिल भी नहीं पा रहा है। उसके आस-पास आग भी है।



# दादा साहब फाल्के की बायोपिक करने जा रहे आमिर

*दादा साहब फाल्के को भारतीय सिनेमा का पितामह कहा जाता है। उन्होंने ही भारतीय फिल्मों की नींव रखी। तभी उनके नाम पर सिनेमा का सबसे बड़ा पुरस्कार 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' रखा गया। दादा साहब के जीवन और फिल्मों को लेकर उनकी कहानी काफी रोचक है। अब ये कहानी बड़े पर्दे पर भी नजर आएगी। दादा साहब फाल्के के ऊपर फिल्म बनने जा रही है।*

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा और फिल्मों के जनक कहे जाने वाले दादा साहब फाल्के की कहानी अब हर किसी को पता चलेगी। क्योंकि, दादा साहब फाल्के के जीवन पर अब फिल्म बनाने की तैयारी है। जिन्होंने भारतीय फिल्मों को लाया, अब उन पर फिल्म लाने का काम करने जा रहे हैं बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान। थ्री इडियट्स और पीके जैसी शानदार ब्लॉकबस्टर फिल्में देने वाली जोड़ी आमिर खान और राजकुमार हिरानी अब दादा साहब फाल्के के जीवन को पर्दे पर उतारने की तैयारी कर रहे हैं।



इस जोड़ी के इस फिल्म पर काम करने से लोगों को फिल्म से काफी उम्मीदें बंधने लगी हैं। दादा साहब फाल्के के पोते चंद्रशेखर श्रीकृष्ण पुसालकर ने इस प्रोजेक्ट का पूरा समर्थन किया है और दादा साहब फाल्के के जीवन से जुड़ी कई खास बातें और घटनाएं साझा की हैं। आमिर खान और राजकुमार हिरानी के फिल्म के लिए फिर से साथ आने से इस फिल्म के बड़े स्तर पर बनने की उम्मीद है।

## 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों पर किया राज

# धार्मिक फिल्मों से अभिनेता महिपाल बने स्टार

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा के इतिहास में ऐसे कई कलाकार हुए, जिन्होंने फिल्मी दुनिया में गहरा प्रभाव छोड़ा। इन्हीं एक्टर्स में महिपाल का नाम भी शामिल था, जिन्होंने स्टंट फिल्मों से लेकर भक्ति फिल्मों तक में शानदार काम किया। 1950 और 60 के दशक में शानदार अभिनय से सबके दिलों में राज करने वाले महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसके बाद फिल्मी सफर साधारण स्टंट फिल्मों से शुरू होकर भक्ति और माइथोलॉजिकल फिल्मों में भगवान के किरदारों तक पहुंचा और महिपाल दर्शकों की नजर में एक स्टार बन गए। अभिनेता ने कई दिग्गज एक्ट्रेस के साथ भी काम किया था। 15 मई 2005 में महिपाल का 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।*

### सिनेमा कॅरियर की शुरुआत

महिपाल भंडारी का जन्म 24 नवंबर 1919 को जोधपुर में हुआ था। महिपाल को बचपन से ही कला में खास रुचि थी। उन्होंने कॉलेज के दिनों में थिएटर के जरिए लोगों को अपनी एक्टिंग का कायल बना लिया था। साल 1942 में महिपाल ने मारवाड़ी फिल्म 'नजराना' से अपने सिनेमाई करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, इस फिल्म से उन्हें कुछ खास पहचान नहीं मिली।

### स्टंट फिल्मों में भी किया काम

1950 के दशक की समाप्ति तक महिपाल की पहचान एक कुशल अभिनेता के रूप में हो चुकी थी। अभिनेता को बॉलीवुड में स्टंट फिल्मों के लिए भी जाना जाता था। उन्होंने पारसमणि, जबक, कोबरा गर्ल, जंतर मंतर जैसी स्टंट फिल्मों में काम किया। इसके अलावा महिपाल ने अरेबियन नाइट्स थीम वाली फिल्में भी कीं, जिसमें अलीबाबा और 40 चोर, अलादीन और जादुई चिराग जैसी फिल्में शामिल थीं।



### चर्चित एक्ट्रेस के साथ किया काम

महिपाल का अभिनय करियर केवल धार्मिक फिल्मों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने अपने समय में 130 से अधिक फिल्मों में काम किया था। इस दौरान उन्होंने कई चर्चित अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। अभिनेता एक्ट्रेस मीना कुमारी के साथ 'श्री गणेश महिमा' फिल्म में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने माला सिन्हा, निरुपा रॉय जैसी अभिनेत्रियों के साथ भी काम किया था। उनके साथ काम करना अपने आप में एक उपलब्धि माना जाता था।

### भगवान के रोल ने बदली किस्मत और मिली पहचान

महिपाल ने कई अहम रोल किए, लेकिन उन्हें असली प्रसिद्धि तब मिली, जब उन्होंने पौराणिक (माइथोलॉजिकल) फिल्मों में अभिनय करना शुरू किया। एक दिन फिल्ममेकर होमी वाडिया के असिस्टेंट का कॉल आया, जिसने अभिनेता की जिंदगी बदल दी। श्री गणेश महिमा' फिल्म में महिपाल ने पहली बार गणेश भगवान का किरदार निभाया, जो हिट हुई और इसके बाद अभिनेता का कॅरियर चमक उठा। इस फिल्म के बाद महिपाल ने संपूर्ण रामायण , वीर भीमसेन, वीर हनुमान, हनुमान पाताल विजय , जय संतोषी मां जैसी धार्मिक फिल्मों में नजर आए, जो हिट साबित हुई। इन फिल्मों के बाद दर्शक अभिनेता को भगवान मानने लगे थे।

16 -MAY- Jash-Bhoomi pg-4_Layout 1 5/16/2025 8:15 PM Page 1



# भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा भगवान जगन्नाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में पुरी के पंडितों का समूह कराएंगे पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कांसाबेल ब्लाक के दोकड़ा में स्थित प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम 21 से 27 मई तक किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय धर्मपत्नी कौशल्या साय के साथ शामिल होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का शुभारम्भ 21 मई को भव्य कलश यात्रा से होगा।



इस दिन बीजारोपण, पार्श्व विग्रह, गर्भधान कर्म कार्यक्रम सम्पन्न होगा। दूसरे दिन 22 मई को सूर्य पूजन, गौ पूजन, मंदिर प्रवेश, वष्टमवागिनी संस्कार,मंडल पूजा,पार्श्व विग्रह, प्राण प्रतिष्ठा, 23 मई को सूर्य पूजा, गौ पूजा, मंडल पूजा, शिखर कलश, नील चक्र स्थापना, महा स्नान, यज्ञ और अधिवास, 24 मई को सूर्य पूजा,गौ पूजा, मंडल पूजा, यज्ञ हवन, 25 मई को प्राण प्रतिष्ठा, श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम का मंदिर प्रवेश, सोलह पूजा, बीज़ मंत्र, आरती, अग्नि अभिषेक, पूर्णाहुती, छाया प्रति दर्शन, आरती, पुष्पांजलि व प्रसाद वितरण, 26 मई को अष्ट प्रहरी हरि कीर्तन नाम उच्चारण प्रारम्भ 27 मई को पूर्णाहुति और प्रसाद वितरण के साथ ही यह कार्यक्रम सम्पन्न होगा।




### आठ दशक से हो रहा भगवान श्री जगन्नाथ जी की पूजा

*दोकड़ा स्थित इस प्राचीन मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की पूजा की परम्परा पिछले 8 दशकों से भी पुराना है। मंदिर के पुजारी पंडित कुमोद चंद्र सतपती बताते हैं इस क्षेत्र में रथ यात्रा की परम्परा की नींव स्व.पंडित सुदर्शन सतपती और उनकी धर्मपत्नी स्व सुशीला सतपती ने रखी थी। 1968 में दोकड़ा में मंदिर का निर्माण किया गया था। समय गुजरने के साथ मंदिर जर्जर हो गया था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके जीर्णोद्धार के लिए आधारशिला रखी थी। अब जीर्णोद्धार का काम पूरा हो चुका है। इस नव निर्मित मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु, माता सुभद्रा, बलभद्र प्रवेश करने जा रहे है। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक संख्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने की अपील श्रद्धालुओं से की है।*

### पुरी के आचार्यो का समूह पहुंचेगा दोकड़ा

भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के प्राण प्रतिष्ठा को वैदिक रीती रिवाज़ से सम्पन्न कराने के लिए ओडिसा के जगन्नाथ पुरी से आचार्यो का समूह दोकड़ा आमंत्रित किया गया है। इस समूह में पंडित पदम्नाभो महापात्र, पंडित वासुदेव महापात्र, पंडित प्रशंत कुमार दास, पंडित जगन्नाथ मिश्र, शोभनाथ मिश्र, पंडित बादल कुमार मिश्र शामिल है। आयोजन समिति के स्वयं सेवक इन दिनों प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी को अंतिम रूप देने में जूटे हुए हैं।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे शामिल

दोकड़ा स्थित इस प्राचीन भगवान जगन्नाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होने के लिए दोकड़ा पहुंचेंगे। आयोजन के शुभारंभ के दिन उनके कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इस प्राचीन भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विशेष श्रद्धा रही है। मंदिर का जीर्णोद्धार और भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन उन्ही के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है।

## कलेक्टर और एसएसपी ने ढोकड़ा जगन्नाथ मंदिर के निर्माण कार्य का अवलोकन किया

मुख्यमंत्री के संभावित दौरा को देखते हुए तैयारी का लिया जायजा

कलेक्टर रोहित व्यास और एसएसपी शशि मोहन सिंह ने शुक्रवार को कांसाबेल विकास खंड के ढोकड़ा में जगन्नाथ मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में मुख्यमंत्री के शामिल होने की संभावना को देखते हुए तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए आम नागरिकों के लिए छाया पानी, बिजली स्वास्थ्य सुविधाएं, पार्किंग सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी एसडीएम बगीचा रितुराज बिसेन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।



निरीक्षण करते कलेक्टर व एसएसपी।

## खबर संक्षेप

### बुद्ध पुर्णिमा पर बसपा ने मनाई गौतमबुद्ध जयंती



**नवागढ़।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गौतमबुद्ध के जयंती पर बुद्ध पूर्णिमा के दिन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधायक एवं बहुजन समाज पार्टी के पूर्व अध्यक्ष दाऊराम रत्नाकर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुये गौतमबुद्ध की जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये समाज को उनके पदचिन्हों पर चलने एवं समाज सुधारने के लिये प्रेरीत करने की बात कही। इस अवसर पर बसपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उदल किरण, ईश्वरी साहू, केशव कोसले एवं बड़ी संख्या में बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सीबीएसई कक्षा दसवीं में आराध्य ने प्राप्त किए 92 प्रतिशत

**पामगढ़।** सीबीएसई कक्षा 10 वी में आराध्य पाण्डेय ने 92 प्रतिशत प्राप्त कर घर परिवार का नाम रोशन किया है। ये नगर के प्रतिष्ठित नागरिक विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल के संचालक नरेन्द्र पाण्डेय के छोटे भाई गौरव पांडेय आबकारी उपनिरीक्षक बैतूल के सुपुत्र है । आराध्य की इस उपलब्धि पर ए प्लस कोचिंग सेंटर पामगढ के संचालक मेहुल पाण्डेय का विशेष योगदान हैं। आराध्य पाण्डेय की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है।



### अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन



**जांजगीर-चांपा।** देश की जांबाज बेटी, भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश शासन के मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के नेता विजय शाह द्वारा की गयी शर्मनाक व अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मंत्री विजय शाह का पुतला दहन कर मंत्री पद से बर्खास्त करने की मांग जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार एवं जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ परस शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया,जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर,देव कुमार पांडे, अजीत सिंह राणा, कमलेश सिंह बाबा, परमेश्वर निर्मले, शत्रुघ्न दास महंत, संतोष गढ़वाल बबई, आकाश तिवारी, हेमलता राठौर, मुस्कान परवीन ,वर्षा सिंह, चंपा प्रधान, प्रमोद सिंह, पार्षद अक्षय टेकाम, अरमान खान, हीरा उपाध्याय, बबला तिवारी,प्रीतम कश्यप, अनिल राठौर, पंकज शुक्ला, गौरव सिंह, रामविलास राठौर, चेतन देवांगन, हर्ष शुक्ला, विजय गढवाल, शांतिलाल साहू , जितेंद्र दिनकर, दिनेश मिरी, अमन तिवारी, दीपेंद्र कहरा, अभिषेक सिंह, करण कुमार, विकास पांडे, कमलेश ताम्रकार, नितेश भोलू यादव, आकाश सिंह, रवि शंकर सूर्यवंशी, अनुराग राठौर, हिमांशु राठौर, प्रिंस राठौर, रविकांत कश्यप सहित भारी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए।

### 10वी बोर्ड परीक्षा में यामिनी ने प्राप्त किए 94 प्रतिशत अंक

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरवानी बम्हनीडीह की छात्रा यामिनी कुमारी साहू ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुरू से ही मेघावी छात्रा रही यामिनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता गजाधर साहू एवं श्रीमती लक्ष्मीन साहू सहित गुरूजनों को दिया है।

## विश्व उच्च रक्तचाप दिवस विशेष

# हर पांचवां व्यक्ति हाई बीपी का शिकार: जिले में बन रहा 'साइलेंट किलर' उच्च रक्तचाप

एन नवीन ओझा ⏭ जशपुरनगर

17 मई को विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को हाइपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। यह बीमारी ऐसी है जो शुरुआत में बिना लक्षण के शरीर को अंदर ही अंदर नुकसान पहुंचाती है, इसलिए इसे 'साइलेंट किलर'कहा जाता है। जिले में इस बीमारी के बढ़ते आंकड़े स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का कारण बन गए हैं।

- जिले में 2 लाख से अधिक लोगों की जांच, 10,648 मरीजों में पुष्टि; बदलती जीवनशैली बनी वजह

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित इस दिवस का इस वर्ष का विषय है, अपने रक्तचाप को सही ढंग से मापें, इसे नियंत्रित करें, लंबे समय तक जिएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि उच्च रक्तचाप या हाइपरटेंशन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि इसके लक्षण अक्सर बिना किसी चेतावनी के होते हैं। यदि इसे समय पर नियंत्रित न किया जाए तो यह हृदय रोग, स्ट्रोक, किडनी की बीमारियों और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।



बीपी चेक करते।

### डॉक्टरों की चेतावनी
### खतरे की घंटी है हाइपरटेंशन

जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एचएल सिद्धार्थ का कहना है, हाई बीपी की सबसे बड़ी समस्या यह है कि इसके लक्षण शुरुआती दौर में दिखाई नहीं देते। मरीज तब आता है जब उसे सिरदर्द, चक्कर, या फिर दिल की कोई गंभीर दिक्कत हो चुकी होती है। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो यह दिल का दौरा (हार्ट अटैक), पक्षाघात (स्ट्रोक), और किडनी फेलियर का कारण बन सकता है।

### बचाव ही सबसे बड़ा इलाज

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी के अनुसार यदि कुछ सरल नियमों का पालन किया जाए तो उच्च रक्तचाप को रोका जा सकता है:

- रोजाना कम से कम 30 मिनट व्यायाम या पैदल चलना, नमक का सेवन सीमित करना (5 ग्राम/दिन से कम)
- धूम्रपान और शराब से बचना
- तनाव कम करने के उपाय जैसे ध्यान, योग अपनाना
- ब्लड प्रेशर की नियमित जांच कराना
- दवा का नियमित सेवन और डॉक्टर से परामर्श लेना

**जानिए कितना होना चाहिए सामान्य बीपी:**

| | |
|---|---|
| सामान्य बीपी: | 120/80 |
| सीमा रेखा: | 130/85 |
| उच्च बीपी: | 140/90 या अधिक |

*(अगर लगातार दो जांचों में उच्च बीपी पाया जाए, तो डॉक्टर से परामर्श लें)*

### चौंकाने वाले आंकड़े

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पिछले एक साल में जिले में 2,01,210 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 21,926 लोगों की गहन जांच की गई। जांच में सामने आया कि 10,648 लोग हाई ब्लड प्रेशर से ग्रसित हैं। इसका मतलब है कि हर पांचवां व्यक्ति इस बीमारी का शिकार है। इनमें से 6,588 मरीजों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित फॉलो-अप किया जा रहा है।

### -बदलती जीवनशैली बन रही बड़ी वजह

हाइपरटेंशन के मामलों में वृद्धि के पीछे मुख्य कारण लोगों की बदली हुई जीवनशैली, असंतुलित खानपान, शारीरिक गतिविधियों की कमी और मानसिक तनाव को माना जा रहा है।डॉक्टरों का कहना है कि पहले यह बीमारी अधिकतर बुजुर्गों में देखी जाती थी, लेकिन अब 30 से 45 साल की उम्र के युवा भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र भी चपेट में

पहले माना जाता था कि यह शहरी जीवनशैली की बीमारी है, लेकिन जिले के दूरस्थ गांवों में भी हाई बीपी के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने इसको लेकर स्वास्थ्य शिविर, जन-जागरूकता अभियान और दवा वितरण कार्यक्रम शुरू किए हैं।

# 5 साल से गायब पुत्र पर राज्य महिला आयोग ने एसडीओपी को दिए जांच के आदेश



प्रकरणों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ.किरणमयी नायक द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर 315 सुनवाई हुई। जिसमें जशपुर जिले में 9 बार सुनवाई की गई है।

- सिटी कोतवाली के थाना प्रभारी को कारण बताओ नोटिस किया जारी

जन सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका ने उभय पक्ष के खिलाफ थाने में एफआईआर के लिए आवेदन दिया था और एफआईआर नहीं होने पर आयोग में शिकायत की थी। जिस पर 23 अक्टूबर 2023 को एफआईआर दर्ज कर चालान प्रस्तुत कर दिया गया है। अतः आवेदिका द्वारा प्रकरण समाप्त करने के आवेदन पर आयोग द्वारा प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया। अन्य प्रकरण में दोनों पक्ष को सुना गया जिसमें आवेदिका 1948 से जमीन काबिज है जिसके प्रकरण पर तहसील न्यायालय से जीत चुकी थी, जिसके आधार पर सीमांकन होना था लेकिन आवेदिका को समक्ष में रखे वगैर सीमांकन किया गया था, जिसे आवेदिका द्वारा इंकार कर दिया गया है। वर्ष 2018 में अनावेदक क्रं. 1 से एसडीएम कोर्ट बगीचा में आवेदिका के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था जिसे एसडीएम ने निरस्त कर दिया है। क्योंकि अनावेदक ने सीआरपीसी की धारा 145, 146 के तहत आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया था अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया गया था। जिसे अनावेदकगण से कोई न्यायालय में चुनौती नहीं किया है। अतः इस आवेदिका को कोई कार्यवाही करने आवश्यकता नहीं है। वह अपने जमीन पर अपना कब्जा बनाये रखे और अनावेदकगण उनके जमीन पर बेजा कब्जा करते है तो आवेदिका उसके खिलाफ दिवानी और फौजदारी दर्ज करा सकते है। अतः प्रकरण नस्तीबद्ध किया।

### पांच साल से बेटे का पता नहीं

एक आवेदिका के 18 वर्ष का पुत्र एक व्यक्ति के साथ गोवा गया था। जिसका 5 साल से कोई पता नहीं है और थाने से पता साजी नहीं हुई है। आयोग में एसडीओपी को आवेदिका के आवेदन की प्रति प्रदान कर उसमें सलग्न राजेश साय के आधार कार्ड से पुलिस विभाग से ट्रेस करने लिए कहा गया और आधार कार्ड के द्वारा राजेश साय को ढूंढने एवं उसकी प्रतिवेदन दो माह के भीतर प्रस्तुत करने को कहा। उसके आधार पर प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### दूसरी शादी के लिए आवेदन पर जून में होगी सुनवाई

एक आवेदिका द्वारा प्रा. शाला रघुनाथपुर पत्थलगांव में सहायक शिक्षक वर्ग 3 के पद पर कार्यरत कर्मचारी द्वारा दूसरा विवाह किये जाने के संबंध में आवेदन किया गया था। जिस पर कर्मचारी को आगामी सुनवाई में थाना पत्थलगांव के एसआई के माध्यम से महिला आयोग रायपुर में आगामी सुनवाई में उपस्थित करवा कर जून माह की सुनवाई में उपस्थिति देने को कहा। एक अन्य आवेदिका के आवेदन पर अन्य पक्ष की उपस्थिति हेतु कई बार नोटिस जारी करने के उपरांत सिटी कोतवाली जशपुर द्वारा उपस्थित ना कर पाने पर उनके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस प्रकरण को आगामी जून माह की रायपुर सुनवाई में रखा जाएगा। लगातार अनुस्थिति की दशा में उनके खिलाफ निलंबन की कार्यवाही हेतु प्रस्ताव रखा जायेगा।

# बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान



विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराते विधायक एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या नगरवासी परेशान है। स्थिति यह है कि दिन में 15 से 20 बार बिजली गुल होना सामान्य बात हो गई है। बीते कुछ वर्षों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन हाल के दिनों में इसकी गंभीरता और भी बढ़ गई है।

इसी समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप ने विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता ए के भारद्वाज, एई श्री नेताम एवं कनिष्ठ अभियंता महेश जायसवाल से भेंट कर नगरवासियों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने बार-बार बिजली बंद होने के कारणों की जानकारी ली और शीघ्र समाधान की मांग की। नगर के जनप्रतिनिधियों ने भी इस विषय पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पूरे चांपा नगर में लो वोल्टेज और बार-बार बिजली कटौती के कारण आम नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इससे ना केवल घरेलू जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि व्यापार और उद्योग भी प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच, कांग्रेस पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर तीखा रुख अपनाया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता की भारी कमी है और घटिया सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है, जिसका परिणाम चांपा के नागरिक भुगत रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने कार्यपालन अभियंता को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो कांग्रेस कार्यकर्ता बिजली दफ्तर के समक्ष अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस आंदोलन की संपूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**घरघोड़ा।** अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के विद्वान न्यायाधीश अभिषेक शर्मा ने थाना छाल के प्रकरण क्रमांक71/ 2019 अपराध अंतर्गत धारा 302 307 376 भारतीय दंड संहिता के मामले में अभियुक्त राजा चावले को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है ,साथ ही साथ अर्थ दंड से भी दंडित करने का आदेश दिया है।।मामले का संक्षिप्त विवरण देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि घटना छाल थाना अंतर्गत ग्राम कांसाबहार की है, जहां रात्रि में अभियुक्त ने धारदार खुखरी से महिला की हत्या कर दी। उपरोक्त घटना को मृतका की छोटी बच्ची ने देखा था । बच्ची के द्वारा घटना की जानकारी देने पर मृतका के परिजन के द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसके आधार पर थाना प्रभारी छाल के द्वारा विवेचना उपरांत सभी साक्ष्य को संकलित कर अभियुक्त राजा चावले के विरुद्ध धारा 307 376 302 भारतीय दण्ड संहिता के तहत अभियोग पत्र तैयार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

## पेज 1 का शेष

### कोतबा में रह ...

फिंगरप्रिंट लेकर पहचान की पुष्टि करने की प्रक्रिया शुरू की है।

**मकान मालिकों को मिली चेतावनी**-पुलिस ने स्पष्ट निर्देश जारी किया है कि कोई भी मकान मालिक अपने किरायेदार की जानकारी बिना थाने में दिए घर न दे। यदि ऐसा पाया जाता है तो मकान मालिक के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा है कि यह मकान मालिक की जिम्मेदारी है कि वह सत्यापन कराए और पूरी जानकारी समय पर थाने में जमा करे।

**23 लोगों से पूछताछ, अब दस्तावेजों की जांच जारी**-चौकी कोतबा पुलिस ने 14 मई को सुबह से लेकर देर शाम तक जांच अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 23 लोगों को रोका, उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि दस्तावेज जांचे और हर एक का फिंगरप्रिंट लिया। अभी इन दस्तावेजों की प्रमाणिकता की जांच की जा रही है।

**जांच टीम में शामिल रहे अधिकारी**-अभियान का नेतृत्व कोतबा चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राकेश सिंह ने किया। उनके साथ सहायक उपनिरीक्षक मनेश्वर साहनी, प्रधान आरक्षक अजय खेस, आरक्षक देवनिस, अमित साय और महिला आरक्षक तुलसी कोसले व शारदा नाग की टीम रही। टीम ने घर-घर जाकर दस्तावेज मांगे और प्रवासियों से पूछताछ की।

**अवैध रूप से रहने वालों पर कार्रवाई तय**-एसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि जिले में बाहर से आकर रह रहे सभी प्रवासियों की जांच की जा रही है। जो लोग वैध दस्तावेजों के बिना रह रहे हैं, उनके खिलाफ पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### चरित्र शंका पर ...

भागी तो आरोपी ने बच्ची को निशाना बना लिया।

**काम से लौटा, खाना नहीं खाया, मन में पल रहा था शक**-पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ढोढ़ीबहार निवासी विमल मिंज रविवार को गांव के कोसाबाड़ी में चौकीदारी करने गया था। दोपहर करीब 2 बजे वह घर लौटा। पत्नी ने उसे खाना परोसा,लेकिन उसने गुस्से में मना कर दिया और कहा, मुझे नहीं खाना तुम लोगों को खाना है तो खाओ। इसके बाद वह बरामदे में जाकर कुर्सी पर बैठ गया। उस वक्त पत्नी घर की लिपाई कर रही थी और ढाई साल की बेटी वहीं बरामदे में खेल रही थी।

**आसपास अचानक लिया खूनी रूप**-करीब 4 बजे विमल मिंज घर के भीतर से दौली (एक प्रकार का धारदार कृषि औजार) निकालकर पत्नी पर झपट पड़ा। जान बचाने के लिए पत्नी आंगन की ओर भागी। तभी विमल ने नजरें मासूम बच्ची की ओर घुमाईं। वह नादान बच्ची जो कुछ समझ भी नहीं सकी, खेलते-खेलते वहीं खड़ी थी। विमल ने सीधा उसकी गर्दन पर वार कर दिया। बच्ची लहूलुहान हो गई। इसके बाद आरोपी उसे उठाकर आंगन की ओर फेंककर भाग गया।

